हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, सोमवार, 14 जुलाई 2025

तापमान
अधिकतम 36 .6 डिग्री
न्यूनतम 23 .3 डिग्री

10 35 साल बाद भी नहीं बदली व्यवस्था, बदहाली पर...


10 रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने 20 बुजुर्गों को दिया लंच


## खबर संक्षेप

### गृह कलेश में पति ने सुसाइड किया

**पानीपत।** राकेश नगर निवासी 47 वर्षीय चंद्रेश ने गृह कलेश के चलते फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। चंद्रेश का अपनी पत्नी सुनीता के साथ आए दिन झगडा होता था। कलह से तंग होकर चंद्रेश ने शनिवार की रात को अपने घर के कमरे में फंदा लगा कर सुसाइड कर लिया। मृतक के पुत्र हार्दिक ने बताया कि उनके पिता व माता के बीच झगडा रहा रहता था, इस कारण ही उनके पिता ने सुसाइड किया है। वहीं, पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद चंद्रेश का शव उसके परिजनों को सौंप दिया।

### यज्ञ कर रहे आर्य समाजियों को पीटा

**पानीपत।** गांव बापौली में आर्य समाज के मंदिर में हवन कर रहे आर्य समाजियों जितेंद्र वर्मा, नवीन कुमार व इनके साथियों को सरपंच के पति व इसके साथियों ने दौड़ा दौड़ा कर पीटा। वहीं घटनास्थल पर उपस्थित पुलिस भी हमलावरों को नहीं रोक पाई। आर्य समाजियों का आरोप है कि मंदिर की जगह पर बस स्टॉप बनाया जाना था, लेकिन मंदिर से जुड़े पदाधिकारियों ने जगह देने से इंकार कर दिया। इस पर सरपंच पति ने अपने साथियों को बुलाकर लोगों पर हमला कर दिया। इधर, सरपंच पति का आरोप है कि आर्य समाज मंदिर का ताला तोडा गया था और व उन पर और उनके साथियों के साथ भी मारपीट की गई है।

### घर से जेवरात और नकदी ले उड़े चोर

**इसराना।** पानीपत के गांव लुहारी निवासी अक्षय कुमार के घर का चोरों ने ताला तोड़कर गहने और कैश चुरा लिया। अक्षय ने बताया कि वह शनिवार की रात को ड्यूटी पर गए थे। जबकि उनकी पत्नी व मां, उनके भाई के घर सोने चली गई थी। वे जब सुबह घर लौटी तो घर का कुंडा टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो अलमारी खुली हुई थी। चोर सोने की दो अंगूठियां, एक मंगलसूत्र और सात हजार रुपए नकदी चोरी हुई मिली। अक्षय की शिकायत थाना इसराना पुलिस ने के दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### साइबर ठगों से सतर्क रहे जनता

**पानीपत।** पुलिस ने साइबर अपराध पर अंकुश लगाने व आमजन को साइबर अपराध के विरुद्ध जागरूक करने के उद्देश्य से एडवाइजरी जारी करते हुए नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब ऑफर के प्रलोभन से बचें। पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह ने साइबर फ्रॉड बारे में जानकारी देते हुए कहा कि साइबर ठग लोगों को ऑनलाइन पार्ट टाइम जॉब देने का ऑफर करते हुए दिन में एक से दो घंटे तक काम करके हजारों रूपये प्रतिदिन कमाने का लालच देते है। ऐसे लालच देने वालों से बचना चाहिए।

### रेशनेलाइजेशन से मचा हड़कंप

**पानीपत।** हरियाणा सरकार द्वारा करवाई जा रही रेशनेलाइजेशन के तहत नियुक्त रेशनेलाइजेशन आयोग द्वारा कृषि एवं किसान कल्याण विभाग में लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के पदोन्नति से भरे जाने वाले उच्च पदों में बड़े पैमाने पर की गई कटौती का प्रारुप सामने आने पर विभाग के लिपिक वर्गीय कर्मचारियों में हड़कंप मच गया है, जिसके चलते इन कर्मचारियों ने अपने उच्च पदों को बचाने की कवायद शुरू कर दी है।

### पुलिस ने जानलेवा हमलावर पकड़ा

**पानीपत।** थाना पुराना औद्योगिक पुलिस ने बत्रा कॉलोनी में मोनू नामक दो युवकों पर गंडासी से जानलेवा हमला करने के मामले में नाबालिग आरोपी को शामिल जांच कर गिरफ्तार किया है। थाना पुराना औद्योगिक प्रभारी इंस्पेक्टर देवेंद्र ने बताया इस मामले में धर्मेंद्र की शिकायत पर केस दर्ज है।

डीडी शर्मा की अगुवाई में किया गया केंद्रीय मंत्री का सम्मान

# सरस्वती की नगरी पिहोवा के लिए राज्य के साथ केंद्र भी दे रहा है विशेष ग्रांट : मनोहर लाल

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश की भाजपा की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार प्रदेश का तीव्र गति से विकास कर रही है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिहोवा



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार दोनों से ही पिहोवा हलके के विकास के लिए विशेष ग्रांट जारी की जा रही है। इसके लिए जय भगवान शर्मा डीडी के अथक प्रयास रहे है, जिसके चलते प्रदेश और केंद्र सरकार दोनों ही सरस्वती की नगरी पिहोवा के लिए दिल खोल कर अनुदान राशि दे रही है।

पिहोवा हलके का भरपूर विकास करवाने के लिए जय भगवान शर्मा डीडी दिन रात प्रयासरत रहते हैं। केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल रविवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता जयभगवान शर्मा डीडी के निवास स्थान पर बातचीत करने उपरांत बोल रहे थे। इससे पहले केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने भाजपा नेता जयभगवान शर्मा डीडी के निवास स्थान पर पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र सरकार व प्रदेश की भाजपा की अगुवाई वाली डबल इंजन सरकार हरियाणा का तीव्र गति से विकास कर रही है।

उन्होंने कहा कि जिस विधानसभा क्षेत्र की जय भगवान शर्मा डीडी जैसे मेहनती नेता अगुवाई करते वह हलका विकास के मामले में दूसरे क्षेत्रों के लिए मिसाल बन जाता है। इसी के चलते पिहोवा हलका जय भगवान शर्मा डीडी की मेहनत, केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं के चलते विश्व मानचित्र पर एक अलग पहचान स्थापित करने और बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि पिहोवा हलके के विकास के लिए ग्रांटों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। डीडी शर्मा पिहोवा के विकास के लिए जो भी मांग उनके समक्ष रखेंगे। उसको पहल के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल और जय भगवान शर्मा के बीच राजनीतिक विषय पर लगभग आधा घंटा चर्चा हुई।

उन्होंने डीडी को मजबूत जनाधार वाला संघर्षशील नेता बताया। मनोहर लाल नें कहा कि जय भगवान शर्मा के काम और मेहनत नें कुरुक्षेत्र जिले में पार्टी को मजबूत किया है. इस अवसर पर जय भगवान शर्मा डीडी ने कार्यकतार्ओं की तरफ से मनोहर लाल को सरस्वती माता का चित्र और शॉल भेंट कर सम्मानित किया। भाजपा नेता जय भगवान शर्मा डीडी ने कहा कि मनोहर लाल के प्रयासों से हरियाणा प्रदेश तरक्की और विकास की तरफ बढ़ा। उन्होंने कहा कि हरियाणा प्रदेश में बिना खर्ची पर्ची रोजगार की पहल करने वाले पूर्व सीएम एवं केंद्रीय मंत्री ने महिलाओं, किसानों, व्यापारियों, कर्मचारियों के हित व कल्याण के लिए काम किया है। डीडी ने मनोहर लाल का आशीर्वाद लिया और अपने कार्यालय में पहुंचने पर आभार जताया।

## बाबा बंदा सिंह बहादुर ट्रस्ट लोहगढ़ मैदान के विकास के लिए केंद्रीय मंत्री को सौंपा पांच लाख का चेक



**पिहोवा।** ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण की दिशा में एक सराहनीय कदम उठाते हुए बाबा बंदा सिंह बहादुर मेमोरियल फाउंडेशन ट्रस्ट के लिए गीता जयंती अंतरराष्ट्रीय महोत्सव ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को 5 लाख रुपये का चेक भेंट किया। यह सहयोग लोहगढ़ मैदान के सौंदर्यकरण, विकास और ऐतिहासिक महत्व को उजागर करने के लिए प्रदान किया गया है। अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव समिति के सदस्य डॉ. अवनीत सिंह वड़ैच ने चेक सौंपते हुए कहा कि बाबा बंदा सिंह बहादुर भारतीय इतिहास के ऐसे अमर योद्धा हैं, जिनका बलिदान और जीवन आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। लोहगढ़ मैदान से उनका गहरा संबंध रहा है, और इस ऐतिहासिक स्थल को भव्य स्वरूप देना हमारा संकल्प है। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने इस सामाजिक पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐतिहासिक स्थलों के संरक्षण में जनसहयोग अत्यंत आवश्यक है। बाबा बंदा सिंह बहादुर जैसे महापुरुषों की स्मृति को संरक्षित कर हम अपने गौरवशाली अतीत को भावी पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं। एक सिख युवा का यह प्रयास सराहनीय और प्रेरणादायी है। यह पहल लोहगढ़ के ऐतिहासिक गौरव को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक सशक्त कदम मानी जा रही है। सामाजिक और सांस्कृतिक विकास से जुड़े ऐसे प्रयास न केवल इतिहास को जीवंत करते हैं, बल्कि देशवासियों में स्वाभिमान और संस्कृति के प्रति सम्मान का भाव भी जागृत करते हैं।

# डेढ़ महीने पहले पश्चिमी यमुना नहर में डूबे युवक का शव मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- परिजनों ने जताई हत्या की आशंका
- पुलिस मामले की जांच में जुटी

करीब डेढ़ महीना पहले दोस्त के साथ घर से निकले युवक का शव रविवार को पश्चिम यमुना नहर से बरामद हो गया। परिजनों ने उसकी हत्या करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सिविल अस्पताल स्थित शव गृह में रखवा दिया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही मामले में आगामी कार्रवाई की जाएगी।

गांव झीवरहेड़ी निवासी तेजा राम ने पुलिस को बताया कि उसका बेटा 19 वर्षीय कमल गत 25 मई को पड़ोसी युवक के साथ घर से घूमने के लिए निकला था। इसके बाद वह घर नहीं लौटा। पड़ोसी युवक ने घर आकर बताया था कि वह गांव अमादलपुर के नजदीक पश्चिम यमुना में नहाने लगे तो वहां पर नहाते समय कमल डूब गया। सूचना मिलते ही उन्होंने पुलिस और गोताखोरों की मदद से कमल की तलाश की। मगर उसके बारे में कुछ पता नहीं चला। रविवार को रेलवे किसी ने सूचना दी कि रेलवे पुल के पास पश्चिमी यमुना नगर में एक शव पानी में तैर रहा है। पानी में डूबने की वजह से शव फुला हुआ था। पुलिस टीम ने शव की शिनाख्त कराई तो वह कमल के रूप में हो गई।

## सूरजमुखी फसल की खरीद में गड़बड़ को लेकर नौ नई फर्मों का रिकॉर्ड तलब

**अंबाला।** अंबाला शहर की अनाज मंडी में सूरजमुखी की खरीद के नाम पर हुई गड़बड़ी के मामले की जांच में अब नए खुलासे हो रहे हैं। पुलिस ने अब 9 नई फर्मों के रिकॉर्ड को खंगाल रही है। पुलिस ने इन फर्मों से रिकॉर्ड को तलब किया है। इनमें रंग राम ट्रेडिंग कंपनी सौंडा, जगीर सिंह, राजकुमार, मोहन सिंह, माता मनसा देवी, राजा राम और किसान ट्रेडिंग कंपनी से सूरजमुखी की खरीद का रिकॉर्ड मांगा है।

रिकार्ड की जांच के बाद आगे की कार्रवाई होगी। इससे पहले पुलिस द्वारा नामजद आठों फर्मों से रिकॉर्ड तलब किया है। जिसमें लालचंद, रघुनाथ दास, जीएसएस ट्रेडिंग, एनएन ट्रेडिंग, रजत ट्रेडर्स, अंकुश ट्रेडिंग एंड कंपनी, अशोक कुमार फर्म से रिकॉर्ड लेकर सबूत जुटाए जा रहे है। यह पूरा खेल प्रशासन के मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल में मिलीभगत करके किया गया था।

# बाइक सवार युवक को बस चालक ने लिया चपेट में, लोगों ने पत्नी के सामने जमकर पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

- जख्मी युवक बोला, आधा किलोमीटर दूर तक घसीट कर ले गया बस चालक

अंबाला शहर के मानव चौक पर देर रात एक प्राइवेट बस ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। इसकी वजह से बाइक सवार युवक घायल हो गया। यहां मौजूद लोगों ने तुरंत घायल को सिविल अस्पताल पहुंचाया। हादसे के बाद मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई।

गुस्साए लोगों ने बस चालक की पिटाई कर दी। इस दौरान चालक की पत्नी भी वहां मौजूद थी। पत्नी के सामने ही लोग उसके ड्राइवर पति की पिटाई कर रहे थे। इस दौरान पत्नी ने लोगों से पति को छोड़ने की गुहार करती रही पर किसी ने एक न सुनी। अब पुलिस मामले की जांच कर रही है। मौके पर मौजूद प्रत्यक्षदर्शी ने बताया कि बस को ड्राइवर की जगह कंडक्टर चला रहा था जिस वजह से हादसा हुआ। फिलहाल घायल युवक की हालत ठीक है। उसका इलाज सिविल अस्पताल में चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार इस घटना में बस ने बाइक सवार युवक को आधा किलोमीटर तक घसीट कर ले गया। घायल युवक ने होश में आने के बाद जानकारी दी कि वे साइड में काफी धीरे चल रहा था।

इसी दौरान पीछे से आई बस ने उसे अपनी चपेट में ले लिया और आधा किलोमीटर तक उसे घसीट कर ले गया। इसके बाद वह बेहोश हो गया। मामले की जांच कर रहे सब इंस्पेक्टर धर्मपाल ने बताया कि बस को कब्जे में ले लिया है। अभी तक कोई शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# घर में छापामारी कर पुलिस ने अवैध देसी शराब की 34 पेटी बरामद की

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

- छापामारी के दौरान आरोपी मौके से भागने में हुआ कामयाब
- जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने की कार्रवाई

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू ने यमुनानगर की अशोक विहार कॉलोनी स्थित एक घर में छापामारी कर अवैध देसी शराब की 34 पेटी (408 बोतल) बरामद की हैं। पुलिस की छापामारी से पहले आरोपी मौके से फरार होने में कामयाब हो गया। बताया गया है कि आरोपी लंबे समय से इलाके में अवैध शराब बेचने का कार्य कर रहा था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

मामले की जांच कर रहे पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा टू के प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि उनकी टीम अशोक विहार कॉलोनी के पास गश्त कर रही थी। इस दौरान टीम को एक युवक दो पेटी शराब की ले जाता दिखाई दिया। पुलिस को देख कर आरोपी युवक मौके से भाग निकला। टीम ने उसका पीछा किया। लेकिन वह हाथ नहीं आया। जांच के दौरान पुलिस को युवक की पहचान कॉलोनी के अरुण कुमार के रूप में हुई। बाद में टीम ने उसके घर पर छापेमारी की। जहां से अवैध शराब की 34 पेटी बरामद हुई। उन्होंने बताया कि इस कार्रवाई में एएसआई रमेश, संजीव, अजय, सचिन व जसपाल की टीम शामिल रही। टीम इंचार्ज ने बताया कि आरोपी अरुण लंबे समय से इस क्षेत्र में अवैध शराब का धंधा कर रहा था। उसे पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस ने बरामद शराब को कब्जे में लेकर मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरु कर दी।



**यमुनानगर।** सीआईए टू पुलिस टीम द्वारा पकड़ी गई अवैध शराब की जांच करते पुलिस कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## पीएम नेशनल अप्रेंटिस मेले का आयोजन 14 को

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, सेक्टर-30 में 14 जुलाई को पीएम नेशनल अप्रेंटिस मेले का आयोजन किया जा रहा है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य जगमोहन ने कहा कि इस रोजगार मेले में एलीना ऑटो इंडस्ट्रीज मोहाली, जे. बी. एम. प्राइवेट लि. गुरुग्राम, सात्विक ग्रीन एनर्जी शाहाबाद, गोदरेज एनट्रप्राइसिस लि. मोहाली, पुखराज हेल्थ केयर प्राइवेट लि.कुरुक्षेत्र, रामाया हेल्थकेयर प्राइवेट लि. कुरुक्षेत्र, एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस कुरुक्षेत्र, ट्रांस एंकर दुबई, श्रीकृष्ण नाथ इम्पैक्स कुरुक्षेत्र, वांटे इंटरनेशनल, एग्री गुरुग्राम, क्लासिक इंटर कुरुक्षेत्र, गणपति ऑटो ट्रेडर कुरुक्षेत्र, करनाल मोटर्स कुरुक्षेत्र, केयर वॉल ग्लास एंड एम्पुलेश प्राइवेट लिमिटेड, नैक्टर लाइफ साइंस लिमिटेड मोहाली, इनकॉस वूड टैक्रिल कुरुक्षेत्र एवं इनके साथ लगभग 50 कम्पनियां भाग लेंगी।



**जींद।** मांगों को लेकर नारेबाजी करते हुए मिड डे मिल वर्कर्स। फोटो : हरिभूमि

# मिड डे मिल वर्कर्स की मांगें पूरी करे सरकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जींद

नेहरू पार्क में मिड डे मिल वर्कर्स यूनियन की बैठक राज्य प्रधान इंद्र सिंह मलिक की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक का संचालन अनीता, रीना, सुनीता, मीना, रेखा, मंजू व ऊषा द्वारा किया गया और मिड डे मिल वर्करज ने बढ़चढ़ कर भाग लिया।

राज्य प्रधान इंद्र सिंह ने कहा कि यूनियन ने सरकार को मिड-डे मिल वर्करों की नौ मांगें दी थी। जिसमें से सरकार ने हमारी तीन मांगों को पूरी कर दिया है और छह मांगों पर सरकार के साथ बातचीत चल रही है। उनको भी जल्द से जल्द पूरा कराया जाएगा। उप राज्य प्रधान दलशेर ने कहा कि मिड डे मिल वर्करों की मांगों को जल्द से जल्द पूरा किया जाए। अनीता, रीना ने कहा कि सभी मिड डे मिल वर्कर्ज एकता बना कर रखें। इस मौके पर रेखा, बबली, पिंकी, कौशल्या, मुकेश, मंजू, सुनीता, रजनी आदि ने विचार व्यक्त किए।

## *22 साल के युवक ने फंदा लगाकर आत्महत्या की*

**अंबाला।** न्यू प्रीत नगर निवासी 22 वर्षीय शुभम ने संदिग्ध परिस्थितियों में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुभम ने अपने घर के ही एक कमरे में पंखे पर चुन्नी से फंदा लगा लिया था व परिजन दूसरे कमरे में सो रहे थे। रविवार सुबह उठने के बाद परिजनों ने शुभम का दरवाजा खटखटाया तो कोई आवाज नहीं आई। रोशनदार से झांककर देखा तो शुभम चुन्नी से लटका हुआ था। महेश नगर थाना पुलिस ने सूचना मिलने के बाद शव को नीचे उतारा। मौके से कोई सुसाइड नोट न मिलने पर पुलिस ने कैंट के नागरिक अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम करवाने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों को भी यह मालूम नहीं हो पाया कि शुभम ने क्यों आत्महत्या की है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।

रेलवे का सख्त कदम | यात्रियों की बढ़ती शिकायतों के बाद रेलवे की ओर से लिया गया निर्णय

# सामान की एवज में यात्रियों से ओवर चार्जिंग करने वालों पर होगी ठोस कार्रवाई, अधिकारी खुद करेंगे स्टिंग ऑप्रेशन

- यात्री से ओवर चार्जिंग करने वालों पर वसूला जाएगा मोटा जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबाला

अंबाला छावनी के रेलवे स्टेशन और ट्रेनों में बढ़ती ओवर चार्जिंग की शिकायतों को देखते हुए रेलवे ने सख्त कदम उठाने का निर्णय लिया है। अधिकारी अब खुद नकली यात्री बनकर स्टिंग ऑपरेशन करेंगे। पकड़े जाने पर ओवर चार्जिंग करने वालों के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। दरअसल अंबाला मंडल के अधिकारियों के पास काफी समय से रेलवे स्टेशन व ट्रेनों में सामान बेचने की एवज में ओवर चार्जिंग की शिकायतें आ रहीं हैं।

इसको लेकर रेलवे से यात्री कई तरह से शिकायतें करते हैं। इसके बाद जांच के लिए शिकायत मार्क कर दी जाती है। उस शिकायत के सबूत आने पर वेंडर/संचालक के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिख दिया जाता है।

इसके बाद ही संचालक और वेंडरों पर जुर्माना लगाया जाता है। अंबाला मंडल के सीनियर डीसीएम नवीन कुमार ने बताया कि अब यात्री से ओवर चार्जिंग करने वालों पर मोटा जुर्माना लगाया जाएगा ताकि भविष्य में वे ऐसा काम न कर सकें।

### रेलवे हेल्पलाइन 139 पर दें शिकायत




नवीन कुमार ने बताया कि यात्री ओवर चार्जिंग होने पर ट्रेन में मौजूद कॉमर्शियल स्टाफ को सीधी सूचना दे सकते हैं। या फिर रेलवे हेल्पलाइन 139 पर शिकायत दी जा सकती है। इसके अलावा रेल मदद पोर्टल पर ऑनलाइन सूचना दी जा सकती है। उन्होंने बताया कि शिकायत के तुरंत बाद उस पर गहन जांच होगी। सबूत मिलने पर ओवर चार्जिंग करने वाले के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। सीनियर डीसीएम ने कहा कि अब रेलवे अधिकारी खुद नकली यात्री बनकर स्टेशनों की स्टॉल पर जांच करेंगे। ओवर चार्जिंग के प्रमाण मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि यात्रियों की शिकायतों को गंभीरता से लिया जा रहा है। इस समस्या से निपटने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## अचानक हुई बरसात से मौसम का मिजाज बदला

**अंबाला।** रविवार शाम पांच बजे जिले में कई जगह बरसात हुइ। हालांकि सुबह गर्मी की वजह से हालत बेहद खराब थी। मगर बरसात के बाद मौसम के मिजाज में अचानक परिवर्तन आ गया। बरसात की वजह से लोगों को गर्मी से राहत मिली। सुबह से शाम 4 बजे तक धूप निकली रही लेकिन करीब पौने पांच बजे घने बादल छा गए और बारिश हुई। अंबाला शहर के कई क्षेत्रों में बारिश हुई तो अंबाला छावनी का क्षेत्र सूखा रहा। रविवार को न्यूनतम तापमान 27.7 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम विभाग के अनुसार अभी जिले के कई हिस्सों में बरसात होने की संभावना है।

# दुकानों से आने लगी घेवर की महक

## सावन आया रेः मिठाई की दुकानों पर सजा घेवर दुकानदारों को भी अच्छी बिक्री की उम्मीद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

सावन का महीना शुरू होते ही मिठाई की दुकानों पर विभिन्न प्रकार के डिजाइनों के घेवर बनने लगे हैं। हलवाईयों द्वारा सीजन में दो पैसे अधिक कमाने के लिए दुकानों पर घेवरों को आकर्षक रुप से सजाना शुरू कर दिया है। मिठाई विक्रेताओं ने सावन माह में उन्हें घेवरों की बिक्री से अच्छी आए होने की उम्मीद जताई है।

### स्पेशल कारीगर बनाते हैं घेवर

मिठाई विक्रेता कुलबीर, सुरेश व राजबीर ने बताया कि घेवर बनाना हर किसी के बस की बात नहीं है। इसे बनाने के लिए स्पेशल कारीगर आते हैं। उन्होंने कारीगर पारस व बाबू राम को बुलाया हुआ है। पारस ने बताया कि घेवर हमेशा कोयले की भट्ठी पर ही बनता है। गैस पर इसे बनाने में काफी दिक्कत आती है, क्योंकि गैस की आंच केवल कढ़ाई के बीच में ही लगती है। जबकि भट्ठी की आग चारों तरफ लगती है। पहले घेवर मैदे व घी से बनते थे, मगर अब यह खोये में केसर व ड्राई फूरट मिलाकर तैयार होने लगे हैं। एक घेवर




बनाने में करीब आधा घंटा लगता है। एक कारीगर दिन में अधिकतम 35 किलो मैदे का घेवर बना सकता है। रक्षा बंधन के त्यौहार तक घेवर की डिमांड रहती है। वर्तमान में रंग बिरंगे घेवर भी बनने लगे हैं। घेवर कुछ चुनिंदा दुकानों पर ही बनता है। घेवर फीका और मीठा दोनों तरह का बेचा जा रहा है।

### महंगाई में घेवर भी हुआ महंगा

मिठाई विक्रेता संजीव कुमार, मोहित व अमित ने बताया कि बढ़ती महंगाई में इस बार घेवर भी महंगा हो गया है। हलवाईयों का कहना है कि घेवर बनाने के लिए प्रयोग होने वाली वस्तूओं के दाम बढ़ने से घेवर बनाने में लागत अधिक आ रही है। पिछले साल की अपेक्षा इस बार घेवर के दामों में करीब बीस प्रतिशत वृद्धि हो गई है।

### सावन व बारिश का प्रतीक घेवर

शहर के माडल-टाऊन निवासी मनीष, विक्की, विशाल व गुरदीप, जय कुमार व सरोजनी कालोनी निवासी शीश पाल का कहना है कि घेवर को लोग न केवल तीज त्योंहारों के लिए खरीदते हैं, बल्कि इसका संबंध सावन और बरसात से है। सावन के महीने में जैसे-जैसे बुंदा-बांदी शुरू होती है, लोग घेवर का स्वाद लेने के लिए हलवाईयों की दुकानों की ओर दौड़ पड़ते हैं। उनका कहना है कि लोग सावन माह में घेवर की मिठाई को खाना अधिक पसंद करते हैं।

# बिना पंजीकरण के प्ले स्कूल होंगे बंद

## महिला एवं बाल विकास विभाग ने आदेश जारी कर स्कूल संचलाकों दी अंतिम चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

जिले में बिना पंजीकरण के चल रहे प्राइवेट प्ले स्कूलों पर अब सख्ती बरती जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग ने ऐसे सभी प्ले स्कूलों को बंद करने के आदेश जारी किए हैं। विभाग ने साफ किया है कि जो प्राइवेट प्ले स्कूल विभाग के नियमों के तहत पंजीकृत नहीं हैं। उन्हें अब चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके लिए विभाग ने अंतिम चेतावनी दी है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने बताया कि सभी प्राइवेट प्ले स्कूल संचालकों को सरल पोर्टल के माध्यम से अपना ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य है। पंजीकरण प्रक्रिया में वही स्कूल पात्र माने जाएंगे जो विभाग द्वारा निर्धारित आवश्यक शर्तों को पूरा करेंगे।

-ऑनलाइन पंजीकरण के लिए यह शर्तें होंगी अनिवार्य

जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने बताया कि ऑनलाइन पंजीकरण के लिए प्ले स्कूल किसी रिहायशी बिल्डिंग में नहीं चलाया जा सकता है। हर 20 बच्चों पर एक अध्यापक की नियुक्ति किया जाना जरुरी है। वहीं, बच्चों के लिए स्वच्छ और अलग अलग शौचालयों की व्यवस्था होना जरूरी है। स्कूल परिसर में अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास व्यवस्था तथा अन्य सुरक्षा प्रबंधों का होना अनिवार्य है। स्कूल भवन की संरचनात्मक सुरक्षा और साफ. सफाई का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और उनके समुचित विकास के लिए यह कदम जरूरी है। जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने बताया कि पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी तरह ऑनलाइन है । इसे सरल पोर्टल पर पूरा किया जा सकता है। इस प्रक्रिया में स्कूल को अपने भवन की जानकारी, स्टाफ की डिटेल्स, सुरक्षा व्यवस्था व बच्चों की संख्या आदि का विवरण देना जरुरी है।

### नियमानुसार की जाएगी कार्रवाई



जिला कार्यक्रम अधिकारी तरविंदर कौर ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग की टीमें जल्द ही जिलेभर में निरीक्षण अभियान शुरू करेंगी। निरीक्षण के दौरान बिना पंजीकरण पाए गए प्ले स्कूलों को तुरंत बंद कर दिया जाएगा और उनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई भी की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस अभियान का मुख्य उदेश्य बच्चों की सुरक्षा और गुणवत्ता पर ध्यान देना है। उन्होंने कहा कि प्ले स्कूलों पर सख्ती करने का विभाग का मकसद बच्चों की सुरक्षा और प्ले स्कूलों की गुणवत्तापूर्ण सेवाओं को सुनिश्चित करना है। जिले में कई ऐसे प्ले स्कूल चल रहे हैं जो न तो पंजीकृत हैं और न ही उनके पास बुनियादी सुविधाएं मौजूद हैं। ऐसे में बच्चों की सुरक्षा से कोई समझौता नहीं किया जाएगा।

## खबर संक्षेप

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़, केस दर्ज

**यमुनानगर।** छछरौली थाना के गांव में युवक ने रात को घर में घुसकर महिला के साथ छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपी ने उसके कपड़े फाड़े और किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। एक गांव निवासी महिला ने बताया कि वह रात को 10 बजे अपने घर में सोई हुई थी। इस दौरान पड़ोसी युवक सोनू छत के रास्ते से उनके घर में घुसा व उसके साथ गलत हरकत करनी शुरू कर दी। जब वह जागी तो उसने विरोध किया। इसी दौरान आरोपी ने उसके कपड़े फाड़ दिए और उसके साथ मारपीट की। उसके शोर मचाने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर मौके से भाग गया। उसने मामले की सूचना परिजनों व पुलिस को दी।

23 को मनेगा महामंडलेश्वर स्वामी

### आत्मारामानंद महाराज का प्रकट दिवस

**रादौर।** छोटाबांस स्थित रामविचार वाटिका में 23 जुलाई को महामंडलेश्वर श्री श्री1008 स्वामी आत्मारामानंद महाराज का 124 वां प्रकट दिवस मनाया जाएगा। कार्यक्रम में प्रसाद भी वितरित किया जाएगा। महंत स्वामी उदयात्मानंद महाराज ने बताया कि प्रकट दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ सात बजे होगा व रात 11 बजे तक चलेगा। इस मौके पर भजन कीर्तन और प्रसाद वितरण का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर गुरु की कृपा प्राप्त करने का अनुरोध किया।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने अधिकारियों को दी नसीहत

# नगर निगम कार्यालय में समीक्षा बैठक आमजन को भी दें नेताओं जैसा सम्मान

प्राथमिकता से करें आमजन की समस्याओं का समाधान और विकास कार्यों को दी जाए प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर


निगम कार्यालय में अधिकारियों को निर्देश देते हुए विधायक घनश्याम दास अरोड़ा।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने रविवार को आमजन की समस्याओं को लेकर आ रही शिकायतों पर अधिकारियों को बड़ी नसीहत दी। उन्होंने अधिकारियों से स्पष्ट किया कि वे आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से समाधान करें, विकास कार्यों को प्राथमिकता दें और अपने काम से अधिकारियों के पास आने वाले आमजन को भी नेताओं की तरह ही सम्मान दें। उनहोंने नगर निगम कार्यालय में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक में यह बात कही। बैठक में मेयर सुमन बहमनी व निगमायुक्त अखिल पिलानी भी मौजूद थे।

सिटी विधायक घनश्याम दास अरोड़ा ने कहा कि अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि किसी भी आमजन अपने किसी भी कार्य के लिए बार-बार अधिकारियों के चक्कर न काटने पड़े। अधिकारी आमजन से जुड़ी समस्याओं व कार्यों को प्राथमिकता से करना सुनिश्चित करें। दफ्तरों में जैसा बर्ताव बड़े नेताओं के साथ होता है, ठीक वैसा ही अनुभव अपने काम के लिए आने वाले आमजन को भी होना चाहिए। तभी सरकार की सबका साथ सबका विकास की पॉलिसी वास्तव में चरितार्थ हो सकेगी। अधिकारी आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर समाधान करें व आमजन के विकास कार्यों को प्राथमिकता दें।

विधायक ने कहा कि विकास कार्य समय पर पूरे होने चाहिएं। इसमें जनता को अगर समय पर सुविधा प्राप्त हो जाए तो उन विकास कार्यों की प्राथमिकता पूरी हो जाती है। उन्होंने अधिकारियों को निर्माण कार्यों में उच्च गुणवत्ता वाली निर्माण सामग्री का प्रयोग करने के भी निर्देश दिए। विधायक ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। विकास कार्य करते समय अधिकारी पूरी प्लानिंग के साथ कार्य करें। ताकि कार्य को पूर्ण करने में किसी प्रकार की रुकावट ना आए व उस कार्य से सम्बंधित सभी आमजन राहत महसूस करें।

### शालीनता दिखाएं अधिकारी

मेयर सुमन बहमनी ने कहा कि संबंधित अधिकारी अपने व्यवहार में शालीनता व मधुरता बनाए रखें कार्यालय में आने वाले प्रत्येक आमजन से प्रसन्नता के साथ मिलकर उसकी समस्या का निवारण करें। उन्होंने कहा कि अधिकारी योजनाओं को निर्धारित अवधि में जमीन पर उतारें, ताकि जनता को उसका समय पर लाभ मिल सके।




### जातिय जनगणना से हर किसी को फायदा

**यमुनानगर।** पूर्व मंत्री कंवरपाल ने कहा कि देश में जातिगत जनगणना होने से हर जाति वर्ग को लाभ मिलेगा। जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में यह दावा करते हुए पीएम का आभार जताया। पूर्व मंत्री ने कहा कि भारत में जातिगत जनगणना एक महत्वपूर्ण मुद्दा है। जो सामाजिक और आर्थिक नीतियों को आकार देने में मदद कर सकता है। पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने का निर्णय सराहनीय कार्य है। इससे भाजपा सरकार को विभिन्न जातियों की जनसंख्या, शिक्षा, रोजगार और आर्थिक स्थिति की जानकारी मिलने से नीतियों को अधिक प्रभावी ढंग से बना सकते हैं। इसका ओबीसी समाज को काफी लाभ होगा। क्योंकि ओबीसी समाज की संख्या इस समय भारत में करोड़ों की संख्या में है। लेकिन जातिगत गणना ना होने से उनकी पूरी संख्या का पता नहीं लग पा रहा है। मोदी सरकार के इस निर्णय से ओबीसी समाज सहित सभी समाज के नागरिकों को अत्यधिक लाभ मिलेगा। इससे हिंदू, मुस्लिम. क्रिश्चियन, सिख, इसाई व जैन आदि सभी सही संख्या के बारे में पता चलेगा। जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने कहा कि भाजपा सरकार केंद्र की हो चाहे हरियाणा की हो वह देश व प्रदेश के लोगों के लिए पूरी समर्पित है। हर जाति वर्ग के लोगों के लिए योजनाएं बना रही है। पीएम मोदी देश के प्रधान सेवक के रूप में बहुत अच्छा कार्य कर रहे हैं । मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी हर हरियाणवी के दिल में बसे हुए हैं और लगातार नई नई योजनाओं के माध्यम से हरियाणा को आगे बढ़ने का कार्य कर रहे हैं। इस मौके पर भाजयुमो जिलाध्यक्ष निश्चल चौधरी, मीडिया प्रभारी कपिल मनीष गर्ग आदि मौजूद रहे।

- भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री कंवरपाल।



# पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने मांगों को लेकर किया विरोध प्रदर्शन

- 15 जुलाई को कुरूक्षेत्र में सीएम आवास का घेराव करेंगे।
- 24 सूत्रिय मांगपत्र पर कार्रवाई नहीं होने से खफा कर्मचारी।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन ने रविवार को मांगो को लेकर साढ़ौरा में प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र स्थित मुख्यमंत्री के आवास के घेराव के आयोजन में बढ़चढ़कर शामिल होने के लिए आहवान किया।

रविवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्कर्स यूनियन के सैंकड़ो सदस्य जिला प्रधान श्याम सिंह रावल के नेतृत्व में साढ़ौरा स्थित विश्रामगृह के नजदीक एकत्र हो गए और प्रदर्शन करने लगे। इस दौरान प्रदशानकारियों ने जमकर सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। इस दौरान यूयिन के जिला प्रधान श्याम सिंह रावल व साढ़ौरा ब्रांच के प्रधान सलीम और जिला महासचिव सतीश शर्मा ने बताया 15 जुलाई को मागों को लेकर कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री आवास का कर्मचारी घेराव करेंगे। जिसमें यूनियन के सदस्य बढ़ चढ़कर भाग लेंगे। कर्मचारी विरोधी नीतियों से पूरा कर्मचारी वर्ग दुखी है। सरकार हरियाणा कौशल विभाग के कर्मचारियों का खुद गठन करके अब उन्हें कर्मचारियों का उत्पीड़न करने पर उतारू हैं। अपने किए वायदे के अनुसार न तो उन्हें जॉब सिक्योरिटी दे रही है। इन कर्मचारियों को हर समय अपनी नौकरी जाने का खतरा बना हुआ है। क्रांति कमेटी के आदेश पर पूरे 90 विधानसभा क्षेत्र के विधायकों को 24 सूत्रीय संगठन का मांग पत्र सौंपा गया। संगठन के प्रदेश के पदाधिकारियों द्वारा भी मुख्यमंत्री को 24 सूत्रीय मांग पत्र सौंपा गया था। मगर मुख्यमंत्री का रवैया नकारात्मक दिखाई दिया। जिससे कर्मचारियों में रोष और बढ़ गया। सरकार की इसी बेरुखी को देखते हुए यूनियन की राज्य कार्यकारिणी द्वारा 15 जुलाई को कुरुक्षेत्र में मुख्यमंत्री के आवास का घेराव करने का निर्णय लिया गया है। उसी के अंतर्गत पूरे प्रदेश के तीनों विभागों के कर्मचारी इस धरने प्रदर्शन में भाग लेंगे। बैठक में यमुनानगर ब्रांच से ब्रांच सचिव सुरेंद्र कुमार, वरिष्ठ उप प्रधान गोपाल बहादुर, जिला कोषाध्यक्ष राजेश श्योराण, ब्रांच कोषाध्यक्ष राजकुमार धीमान, जगाधरी से कुलबीर सिंह, अमर सिंह, अल्केश कुमार, जिग्नेश कुमार, बलदेव कुमार, सचिन, रविंद्र कुमार, पंकज तंवर, सुभाष श्योराण, सलीम खान, अख्तर, गुरमेल सिंह व दिनेश कुमार आदि मौजूद रहे।

## उत्साह और सौहार्द से मनाया जाएगा उधम सिंह का शहीदी दिवस : लक्ष्मीचंद

**रादौर।** कांबोज सभा के सदस्यों की रविवार को कांबोज धर्मशाला में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें शिरोमणि शहीद उधम सिंह कांबोज के शहीदी दिवस पर



28 जुलाई को इंद्री में आयोजित किए जाने वाले प्रदेशस्तरीय शहीदी समारोह को सफल बनाने को लेकर तैयारियों का जायजा लिया गया। बैठक की अध्यक्षता सभा के जिला प्रधान लक्ष्मीचंद कांबोज ने की। जिसका संचालन सभा के जिला सचिव वेद प्रकाश कांबोज ने किया। जिला प्रधान लक्ष्मीचंद कांबोज ने बताया कि सभा द्वारा शहीद उधम सिंह का शहीदी दिवस 28 जुलाई को इंद्री अनाज मंडी में प्रदेशस्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी उपस्थित होंगे। कार्यक्रम को लेकर जिले को सात ब्लॉक में बांट कर सभी ब्लॉक के प्रमुख तय कर दिए गए हैं। हर ब्लॉक में दस से पंद्रह गांव आते हैं। चमरौडी ब्लॉक से सतीश बकाना, रादौर ब्लॉक से शीश कुमार जुब्बल, अलाहर ब्लॉक से सतबीर, दामला ब्लॉक से भानु प्रकाश, साबेपुर ब्लॉक से मोहन अकालगढ़, यमुनानगर ब्लॉक से देवेंद्र मानकपुर, बिहटा ब्लॉक से रामपाल मुजाफ्त को ब्लॉक प्रमुख बनाया गया

## वर्तमान युग में बच्चों को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना जरूरीः डॉ. चित्रा

**रादौर।** ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल सांगीपुर में रविवार को विषय विशेष क्षमता वृद्धि कार्यक्रम हुआ। जिसमें बीस स्कूलों के करीब 59 हिंदी अध्यापकों ने भाग



लिया। अंबाला से प्रधानाचार्या डॉ. चित्रा आनंद व प्रताप स्कूल करनाल से हिंदी प्राध्यापक शमशेर सिंह ने भाग लिया। स्कूल प्राचार्या रीतू सिंगला ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। डॉ. चित्रा ने कहा कि शिक्षक जीवन को जिस तरह जीता है। वही तरीका अधिकतम रूप से बच्चों में स्थानांतरित होता है। क्योंकि यह भी एक प्रकार की ऊर्जा है जो एक स्थान से दूसरे स्थान तक स्थानांतरित की जा सकती है। वर्तमान के प्रतियोगिता भरे युग में बच्चों को जीवन की सही कलाओं का ज्ञान होना आवश्यक है। प्राध्यापक शमशेर शर्मा ने शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा कि वर्तमान युग में किसी भी कक्षा में बच्चों को पढ़ाना पुराने समय जैसा नहीं रहा है। प्राचार्या रीतू सिंगला ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों को वर्तमान परिस्थितियों के अनुसार ढ़ालना है। ताकि वो उन परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर आने वाली पीढ़ी को उचित प्रकार से तैयार कर सके। एचआर मैनेजर अमित सिंघल ने सभी का आभार जताया। इस मौके पर चंचल रानी, मोनिका, पूजा, पूजा देवी, सिलोनी देवी, निशा शर्मा, सोनिया, कविता रानी, अंजना देवी, हरजीत कौर व पूनम शर्मा, कविता नन्दा व रंजन रिषी आदि मौजूद रहे।

## आमजन अपने घरों के आसपास नहीं खड़ा होने दें बरसात का पानी

**यमुनानगर।** बरसात के मौसम में एक जगह गंदा पानी खड़ा होने से अनेक प्रकार की बीमारियों के उत्पन्न होने की आशंका बनी रहती



है। इसलिए कोई भी अपने घरों के आसपास बरसात का गंदा पानी खड़ा होने दें, ताकि गंदे पानी में मक्खी मच्छर आदि पनपने से को बीमारी ना फैल सके। डीसी पार्थ गुप्ता ने जिलेवासियों को बरसात के मौसम में अपने घरों के आसपास साफ सफाई रखने का आहवान किया। उन्होंने जिलेवासियों को आहवान करते हुए कहा कि बरसात के दिनों में एक जगह गन्दा पानी खड़ा होने से अनेक प्रकार की बीमारियां उत्पन्न होती हैं। अपने घरों के आसपास यह सुनिश्चित कर लें कि कोई ऐसा गड्ढा न हो जिसमें बरसात का पानी लम्बे समय तक खड़ा रहता हो। क्योंकि गड्ढों में पानी खड़ा होने से इसमें मक्खी मच्छर पनपते हैं। जो अनेकों बीमारियों का कारण बनते है। इसलिए सभी लोगों का कर्तव्य बनता है कि अपने घरों, दुकानों व वाणिज्यिक केन्द्रों आदि के आसपास के गड्ढों को मिट्टी आदि से भर लें। ताकि इनमें वर्षा ऋतु में पानी खड़ा न होने पाए। उपायुक्त पार्थ गुप्ता ने कहा कि मच्छरों के काटने से बचने के लिए रात को सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें।

## बालाजी मंदिर में चोरों ने तीन दानपात्रों के ताले तोड़कर चुराई हजारों की दान राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर

रादौर के कालेज मार्ग स्थित श्रीबाला जी मंदिर में बीती रात चोरों ने तीन दानपत्रों के ताले तोड़कर चढ़ावे के हजारों रुपये चोरी कर लिए। पुलिस ने केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी।

पुजारी पुष्पेंद्र मिश्रा ने बताया कि देर शाम वह पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर का ताला बंद कर कमरे पर चला गया था। रविवार सुबह जब मंदिर पहुंचा तो गेट टूटा हुआ मिला। अंदर पहुंचा तो मंदिर में रखे तीन दानपात्रों के ताले टूटे हुए थे। तीनों दानपात्रों में चढ़ावे की हजारों रुपये की



राशि गायब मिली। आरोपी वारदात करने के बाद लोहे की रॉड मौके पर छोड़कर फरार हो गए। सूचना के बाद पुलिस व फारेंसिक की टीम ने मौके पर पहुंचकर सबूत एकत्र किए। इस दौरान मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों को भी आरोपी क्षतिग्रस्त करके चले गए। वहीं, मंदिर के नजदीक एक खोखे से भी चोर ताला तोड़कर हजारों रुपये लेकर चले गए।

# नवनियुक्त जिला महामंत्री नरेंद्र राणा और उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी का स्वागत





**रादौर।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने अलग अलग स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर पार्टी के नवनियुक्त जिला महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा व जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी का फूलमालाएं पहनाकर जोरदार स्वागत किया। इस दौरान महामंत्री नरेंद्र सिंह राणा व उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

### बैंक चेयरमैन ने खिलाई मिठाई

भाजपा के नवनियुक्त जिला महामंत्री नरेंद्र राणा का रादौर में आयोजित कार्यक्रम में दी यमुनानगर केंद्रीय सहकारी बैंक लिमिटेड के चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने मुंह मीठा करवाकर व फूलमालाएं पहनाकर सम्मानित किया। नवनियुक्त जिला भाजपा महामंत्री नरेंद्र राणा ने चेयरमैन धर्म सिंह बंचल व कार्यकर्ताओं का आभार जताया। चेयरमैन धर्म सिंह बंचल ने कहा कि रादौर विस कार्यकर्ताओं को पहली बार जिला कार्यकारिणी में कोई पद दिया गया है।

### मंडल अध्यक्ष रहते की पार्टी की सेवा

खेड़ी लक्खा सिंह में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष हैप्पी खेड़ी को फूलमालाएं पहनाकर स्वागत किया। अमित कांबोज व रिंकू कांबोज ने कहा कि जिला उपाध्यक्ष बनाए जाने से पहले हैप्पी खेडी ने मंडल अध्यक्ष रहते हुए पार्टी की खूब सेवा की है। इस मौके पर सतीश सैनी महामंत्री,वीरेंद्र चानना, पूर्व चेयरमैन शशि दुरेजा, जयपाल राणा, महावीर राणा, वेद शर्मा, सुरेंद्र टोपरा व महेंद्र चानना मौजूद रहे।

भारतीय किसान संघ का कृष्णा स्कूल खजूरी में प्रशिक्षण कार्यक्रम

# देशी गाय को पालना किसानों के लिए वरदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रादौर



भारतीय किसान संघ द्वारा रविवार को गांव खजूरी स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल किसान प्रशिक्षण वर्ग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें 18 गांव के सैंकड़ो किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता गांव के पूर्व सरपंच महिपाल राणा ने की। संघ के उत्तर भारत के क्षेत्रीय संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह ने भाग लिया।

मुख्यातिथि ने किसानों को भारतीय किसान संघ की रीति नीति व किसानों को उनकी आय बढ़ाने के लिए सुझाव दिए गए। उन्होंने किसानों को सलाह दी कि हमें अपनी आय बढ़ाने के लिए गाय पालन करना चाहिए। जिससे हम जैविक खेती कर सकें। उन्होंने कहा जब तक हमारी खेती जहर मुक्त नहीं होगी। तब तक हम संपन्न नहीं हो सकते। उन्होंने जल संरक्षण के लिए भी किसानों से जल बचाने के लिए पानी का काम से कम दोहन करने और भूमि में जल पचाने के लिए अपने खेतों में एक छोटा तालाब बनाए जाने की अपील की। उन्होंने कहा कि देसी गाय पालन हमारे लिए वरदान साबित होगा। बैठक में संभाग संगठन मंत्री विजय कुमार ने किसानों को संगठित होकर देशहित व किसान हित में काम करने की अपील की। उन्होंने कहा कि भारत का किसान पुरानी परंपराओं को छोड़कर आधुनिकता की ओर बढ़ रहा है। जो कृषि व देश हित में नहीं है।

जब तक किसान अपना बीज सुरक्षित नहीं रखेगा तब तक कंपनियां हमें लुटती रहेंगी। अपने खेतों में यूरिया खाद का प्रयोग कम से कम करें। उन्होंने कहा कि संगठन को आगे बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक ग्राम समितियों का गठन करें। बैठक में जिला अध्यक्ष सुरेश राणा ने कहा कि भारतीय किसान संघ जिले के हर गांव में ग्राम समितियां का गठन करेगा। भारतीय किसान संघ पूरे देश में चार लाख किसानों को प्रशिक्षण देगा। जो देशहित व किसान हित में काम करेंगे। इस अवसर पर संघ के प्रांतीय गन्ना प्रमुख प्रताप सिंह, जिला कोषाध्यक्ष राजकुमार, जगाधरी खंड के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष पिंटू राणा, राजदीप स्यालवा, रामकुमार कमालपुर, हरमनजीत सिंह, विकास राणा, डिंपल , कुलदीप संधाली, जोगिंदर नंबरदार व मोहन सिंह आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप



## हरिकेश पपोसा को मिला कला रत्न अवार्ड

कुरुक्षेत्र। यूथ पावर एसोसिएशन और आओ दुनिया सुंदर बनाए के प्रभारी डॉक्टर अनिल कुमार पर्वतारोही के नेतृत्व में दिल्ली के कोंस्टीटूशन क्लब में समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में इलाहबाद हाईकोर्ट के न्यायधीश, रविंद्र और कौशल किशोर पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री और अन्य गणमान्य अतिथियों ने हरिकेश पपोसा को कला रत्न अवार्ड से सम्मानित किया। पपोसा ने बताया की कला एवं संस्कृति के प्रति समर्पण भाव के कारण ये अवार्ड मिला है।

## 31 तक चलेगा स्टॉप डायरिया अभियान

कुरुक्षेत्र। जिला सिविल सर्जन डा.सुखबीर सिंह ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला में 5 वर्ष तक के बच्चों को डायरिया (दस्त) से बचाने के लिए स्टॉप डायरिया अभियान चला हुआ है। उन्होंने कहा कि यह अभियान 31 जुलाई 2025 तक चलेगा। इस कार्यक्रम में 5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया (दस्त) से बचाव के बारे में बच्चों व उनके अभिभावकों को जानकारी दी जा रही है। इसके अलावा स्वास्थ्य कार्यकर्ता आशा वर्कर, एएनएम, सीएचओ, आंगनवाड़ी वर्कर व हेल्पर के द्वारा घर-घर जाकर 5 वर्ष तक के सभी बच्चों को दो-दो ओआरएस के पैकेट तथा 14-14 जिंक टेबलेट वितरित किए जा रहे हैं।

## पुराने खातों की करें रि-केवाईसी:नेहा सिंह

कुरुक्षेत्र। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि जिले के सभी गांवों में बैंक द्वारा शिविर लगाकर पुराने जनधन योजना के तहत खोले गए खातों की रि-केवाईसी की जा रही है। इस अभियान के तहत 30 सितंबर तक सभी गांवों को कवर किया जाएगा। शिविर में नागरिकों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और अटल पेंशन से नागरिकों को जोड़ा जा रहा है। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पीएम सुरक्षा बीमा योजना सरकार द्वारा शुरू की गई एक दुर्घटना बीमा योजना है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को सस्ती दरों पर दुर्घटना बीमा कवर प्रदान करना है।

## जिला परिषद की 125वीं बैठक 15 जुलाई को

कुरुक्षेत्र। जिला परिषद की 125वीं बैठक 15 जुलाई को सुबह 11 बजे पंचायत भवन के सभागार में होगी। इस बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद की अध्यक्ष कंवलजीत कौर करेंगी। इस बैठक में सभी विभागों के एचओडी निर्धारित समय पर पहुंचना सुनिश्चित करेंगे। यह जानकारी जिला परिषद की कार्यकारी अधिकारी शम्भु राठी ने दी है। उन्होंने कहा कि इस बैठक में लगभग 15 विषयों पर विचार विमर्श किया जाएगा।

### मिड डे मील वर्कर्स यूनियन ने बैठक में बनाई रणनीति

# 3 को शिक्षा मंत्री के गृह नगर पानीपत में किया जाएगा आक्रोश प्रदर्शन

**21- 23 जुलाई को सभी ब्लॉक में प्रदर्शन किए जाएंगे और विधायकों को मांग पत्र दिए जाएंगे**

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र




मिड डे मील वर्कर्स ने न्यूनतम वेतन बढ़ोतरी, पक्की नौकरी, बकाया भुगतान, पेंशन लाभ के लिए, सरकारी स्कूल बंद करने ओर वर्कर्स को हटाने के खिलाफ 3 अगस्त को शिक्षा मंत्री के गृह नगर पानीपत में राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन करेंगे। 21- 23 जुलाई के बीच राज्य में ब्लॉक स्तर पर प्रदर्शन करते हुए विधायकों को मांगो बारे ज्ञापन देंगे। उक्त फैसला मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा की कुरुक्षेत्र में हुई राज्य कमेटी बैठक में लिया गया। मिड डे मील वर्कर्स यूनियन हरियाणा की प्रदेश अध्यक्ष राजरानी, महासचिव जय भगवान, उपाध्यक्ष सुनीता, सचिव शरबती देवी, लाला देवी कोषाध्यक्ष सत्यवान ने कहा कि कई कई महीने से वर्कर्स का मानदेय नहीं दिया जा रहा है। वर्दी का पैसा भी स्कूलों में नहीं मिल रहा। मानदेय में कटौती की जा रही है। सरकार व प्रशासन मिड डे मील वर्कर्स का शोषण कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह बहुत दुखद है कि महिलाओं के सशक्तिकरण का दावा करने वाली केन्द्र सरकार द्वारा पिछले 11 साल से मिड डे मील वर्कर्स के मानदेय में एक रुपए की भी बढ़ोतरी नहीं की गई। न्यूनतम वेतन 26000 रुपए की मांग को अनदेखा किया जा रहा है। संगठन नेताओं ने कहा कि केन्द्र सरकार राष्ट्रीय शिक्षा नीति(एनईपी)-2020 लेकर आई है। उसमें कम बच्चों वाले स्कूलों को बंद किया जा रहा है और स्कूल मर्ज किए जा रहे हैं। देश भर में इसके चलते हजारों-हजार स्कूल बंद हो चुके हैं। हरियाणा सरकार 5000 स्कूलों को बंद कर चुकी है। इनमें अधिकतर लड़कियों के प्राथमिक स्कूल हैं। सरकार की इन्हीं नीतियों के चलते पिछले 10 साल में ही देश में करीब 2 लाख मिड डे मील वर्कर्स का रोजगार छीना गया है। उन्होंने कहा कि तय मानदेय भी कईं-कईं महीनों तक नहीं मिलता।

### शिक्षकों को 12 महीने का मिले वेतन

*मानदेय भी 10 महीने मिलता है जबकि काम तो करीबन 11 महीने करना पड़ता है। इसीलिए शिक्षकों व अन्य स्टाफ की तरह 12 महीने वेतन मिलना चाहिए व यह 26000 रुपए से कम नहीं होना चाहिए। करीब 30 साल से यह योजना जारी है लेकिन जिन वर्करों ने इस योजना में सालों काम किया उन्हें सेवानिवृति के समय एक रूपया तक नहीं मिलता। स्कूल में डयूटी के दौरान भोजन बनाते हुए दुर्घटनाओं में घायल हो जाते हैं, वर्करों की मौत हो जाती है लेकिन किसी प्रकार की आर्थिक मदद का प्रावधान नहीं है। इस दौरान 12- 13 जुलाई को दो दिवसीय प्रदेश स्तरीय शिक्षा शिविर अग्रवाल धर्मशाला कुरुक्षेत्र में आयोजित किया गया जिसमें सभी जिलों से नेतृत्व ने हिस्सेदारी की। इसीलिए 3 अगस्त को पानीपत में शिक्षा मंत्री महीपाल ढांडा के यहां राज्य स्तरीय आक्रोश प्रदर्शन होगा। उससे पहले 21- 23 जुलाई को सभी ब्लॉक में प्रदर्शन किए जाएंगे और विधायकों को मांग पत्र दिए जाएंगे।*

## राजस्थान सरकार ने भी की सरस्वती नदी रिजर्वेशन के लिए कमेटी गठित :धुमन सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि सरस्वती बोर्ड की मुहिम सरस्वती नदी को उत्तराखंड हिमाचल हरियाणा और राजस्थान गुजरात के रण ऑफ कच्छ तक चलाने की कामयाब होती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि अब सरस्वती बोर्ड के सौजन्य से राजस्थान सरकार ने भी सरस्वती नदी रिजर्वेशन के लिए एक कमेटी का गठन किया है जिसमें वहाँ के प्रमुख इसरो सिंचाई विभाग के अधिकारी सदस्य बनाया है। हरियाणा सरस्वती धरोहर विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमच ने कहा कि हाल ही में जयपुर इसरो के बिरला ईंस्टिट्यूट में राजस्थान गवर्नमेंट के सिंचाई मंत्री सुरेश रावत व सिंचाई विभाग के अधिकारियों और इसरो के अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया था। उन्होंने कहा कि इस बैठक में यह प्रस्ताव दिया गया था कि एक ऐसी समिति बनाकर सरस्वती नदी पर राजस्थान में पानी चलाने के लिए काम किया जाए जो सरस्वती बोर्ड राजस्थान सरकार का सहयोग करेगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व में सरस्वती बोर्ड अब दूसरे प्रदेशों में भी हरियाणा सरस्वती बोर्ड की प्रणाली पर कार्य कर रहा है और सरस्वती नदी के इस पवित्र कार्य में दिन प्रतिदिन सफलता मिल रही है।


धुमन सिंह किरमच।

## सावन मास भगवान शिव के लिए विशेष मास

कुरुक्षेत्र। जय ओंकार अंतरराष्ट्रीय सेवाश्रम संघ की ओर से सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। संघ के संस्थापक स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले के सान्निध्य में हुए आयोजन में सुबह महादेव का रुद्राभिषेक करवाया गया। इसमें श्रद्धालुओं ने भगवान शिव के 1008 नामों का उच्चारण करते हुए भगवान शिव का पंचामृत से विधिवत मन्त्रोंचारण के साथ अभिषेक किया। इसके बाद सामूहिक रूप से गुरुदेव जी व भगवान शिव जी की आरती की गई। स्वामी शक्ति देव महाराज कुरड़ी वाले ने श्रद्धालुओं को प्रेरणा दी कि सावन मास भगवान शिव का विशेष मास होता है। इस महीने में निरंतर भगवान शिव की पूजा करने से सभी मनोरथ पूरे होते हैं। उन्होंने कहा कि त्योहारों का सीजन भी इसी माह से शुरू होता है। इस अवसर पर संघ के संचालक पंडित शिव नारायण दीक्षित, ऋषि राम शर्मा सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# 48 कोस तीर्थयात्रा को किया रवाना

- महादेव गौशाला 48 कोस के सभी 182 तीर्थों पर यात्रा का आयोजन करेगी : सुरेंद्र गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र



कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड कुरुक्षेत्र के मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कहा कि महादेव गौशाला द्वारा श्रावण कृष्ण तृतीया रविवार को कुरुक्षेत्र 48 कोस यात्रा का शुभारंभ रन्तुक यक्ष तीर्थ से किया गया। केडीबी के मानद सचिव रविवार को कुरुक्षेत्र 48 कोस तीर्थ यात्रा का शुभारंभ करने उपरांत बातचीत कर रहे थे। इससे पहले केडीबी मानद सचिव उपेन्द्र सिंघल ने कुरुक्षेत्र 48 कोस यात्रा को हरी झंडी देकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि यह यात्रा रंतुक यक्ष तीर्थ से शुरू होकर भूरीश्रवा तीर्थ भौर सैयदा मणिपुरक तीर्थ मुर्तजापुर त्रि संध्या तीर्थ संघोली अरुणाय मंदिर अरुणाय पिहोवा शुक्र तीर्थ सतोड़ा एवं श्री कुंज तीर्थ बानपुरा जो स्योंसर के जंगल में स्थित है, पर पूर्ण होगी। श्रीमहादेव गौशाला के प्रधान सुरेंद्र गोयल ने बताया कि महादेव गौशाला 48 कोस के सभी 182 तीर्थों पर यात्रा का आयोजन करेगी प्रति मास गौशाला के सदस्य 10 तीर्थों की यात्रा करेंगे इस अवसर पर रंतुक तीर्थ के महंत श्री राम अवतार दास जी ने मनोकामना पूर्ण यात्रा का आशीर्वाद दिया।

## जिला सड़क सुरक्षा कमेटी की मासिक बैठक 23 जुलाई को

कुरुक्षेत्र। जिला सड़क सुरक्षा समिति व सुरक्षित वाहन स्कूल पॉलिसी तथा ब्लैक स्पॉट को लेकर मासिक बैठक का आयोजन 23 जुलाई को सुबह 11:30 बजे लघु सचिवालय के सभागार में होगा। इस बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त करेंगी। आरटीए इंस्पेक्टर जोगिन्द्र सिंह ढुल ने कहा कि जिला सड़क सुरक्षा समिति की मासिक बैठक 23 जुलाई को होने जा रही है। इस बैठक का एजेंडा सभी अधिकारियों को भेज दिया गया है और पिछली बैठक के एजेंडा बिंदुओं पर सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों द्वारा की गई कार्रवाई की रिपोर्ट आरटीए विभाग में भिजवाई जाए ताकि सडक सुरक्षा की बैठक की पीपीटी समय पर तैयार की जा सके।

# रचनात्मकता का मंच बना गुरुकुल

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र

- गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आज अंतर सदन अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन



गुरुकुल कुरुक्षेत्र में आज अंतर सदन अंग्रेजी लेखन प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में निबंध लेखन, कहानी लेखन और कविता लेखन की श्रेणियों में सभी सदनों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह प्रतियोगिता छात्रों की रचनात्मकता, अभिव्यक्ति क्षमता और अंग्रेजी भाषा पर पकड़ को निखारने के उद्देश्य से आयोजित की गई थी। छात्रों ने विविध विषयों पर सुंदर व भावनात्मक लेख प्रस्तुत किए। निबंधों में सामाजिक विषयों पर गंभीर विचार देखने को मिले, कहानियों में कल्पनाशक्ति की उड़ान थी और कविताओं में भावनाओं की सुंदर अभिव्यक्ति। प्रतिभागियों ने न केवल भाषा कौशल बल्कि अपनी सोच और दृष्टिकोण को भी प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के दौरान संस्थान के निदेशक ब्रिगेडियर शर्मा ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा, लेखन एक ऐसी शक्ति है जो विचारों को जन-जन तक पहुंचाती है। प्रधानाचार्य श्री सुबे प्रताप ने सभी छात्रों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं छात्रों के समग्र विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं और उन्हें आत्मविश्वासी बनाती हैं। सह आयोजन छात्रों के लिए एक यादगार अनुभव रहा, जिसने उनके अंदर की लेखनी को पहचान दिलाई। और उन्हें प्रेरणा दी कि वे अपने विचारों को शब्दों में ढालकर समाज में सकारात्मक प्रभाव डाल सकें।


कुरुक्षेत्र। श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ की बैठक में सूरजभान कटारिया का स्वागत करते आयोजक। फोटो : हरिभूमि

## देश में मोदी व प्रदेश में नायब सैनी सबका साथ सबका विकास नीति से कर रहे कार्य : कटारिया

कुरुक्षेत्र। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के पूर्व अखिल भारतीय उपाध्यक्ष एवं श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ के राष्ट्रीय संगठन महामंत्री सूरजभान कटारिया ने कहा कि रविदासी समाज अपनी एकजुटता से दशा और दिशा बदलने में सक्षम है। पूर्व के इतिहासों को देखें जो जिम्मेदारी मेरे समाज के गौरवशाली लोगों को मिली है उसको हमने बेहतर तरीके से निभाया है। श्रीगुरु रविदास विश्व महापीठ संगठन जिला कुरुक्षेत्र की शाहाबाद हल्का की रेस्ट हाउस में आयोजित एक संगठनात्मक बैठक को संबोधित करते हुए सूरजभान कटारिया ने अपने समाज की एकता और संगठनात्मक मजबूती के लिए आह्वान किया। उन्होंने केंद्र को मोदी सरकार व हरियाणा की नायाब सरकार भी हमारे समाज के हित में बहुत कार्य कर रही है। बैठक में मुख्य रूप से प्रदेश महामंत्री कृष्ण भुकक्ल व प्रदेश महामंत्री राम कुमार राहल, प्रदेश सोशल मीडिया पर प्रभारी सुखबीर डलामाजरा, जिला कुरूक्षेत्र जयभगवान एडवोकेट, एफसीआई से सेवानिवृत पंजाब सिंह, खादी ग्राम उद्योग से सेवानिवृत्त राजपाल, फॉरेस्ट विभाग से सेवानिवृत जगमाल सिंह चंदेल आदि मौजूद रहे।

# लोगों की सेहत के लिए फायदेमंद साबित हो रहा आयुर्वेदिक जूसः बेदी

- गुरुद्वारा मक्खन शाह के बाहर लगाया आयुर्वेदिक जूस का लंगर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ पिहोवा


पिहोवा। गुरुद्वारा मक्खन शाह मे आयुर्वेदिक जूस के लंगर की सेवा में शामिल सेवादार।

गुरुद्वारा सिंह सभा की साथ संगत की तरफ से गुहला रोड स्थित बाबा मक्खन शाह गुरुद्वारा के बाहर आयुर्वेदिक जूस का लंगर लगाया गया जिसमें सुबह 7 से 8 बजे के बीच आते जाते राहगीरो को रोककर जूस पिलाया गया। इस बारे में जानकारी देते हुए गुरुद्वारा मक्खन शाह गुरुद्वारा के अग्रणी सेवादार जसबीर सिंह जस्सी ने बताया कि गुरुद्वारा सिंह सभा के सेवादार स. जोगिंद्र सिंह बेदी सहित समस्त सेवादारो की टीम की ओर से यह आयुर्वेदिक जूस के लंगर का आयोजन 24 जून से शुरू किया गया था जोकि आज तक निरंतर चल रहा है। पिछले रविवार को जूस का लंगर सरस्वती मंदिर के बाहर लगाया गया था। जोगिंद्र बेदी ने बताया कि रोजाना यह जूस का लंगर कुरुक्षेत्र रोड पर गुरुद्वारा सिंह सभा की ओर से प्रातः 7 से 8 बजे के बीच लगाया जाता है जो आगे दो माह तक निरंतर जारी रहेगा। उन्होंने बताया कि इस आयुर्वेदिक जूस के लंगर में विभिन्न प्रकार की सब्जियां व पत्तों का इस्तेमाल किया गया है, जिसमें करेला, घीया, टमाटर, खीरा, पालक, कच्ची हल्दी, पुदीना, हरा धनिया, नींबू, एलोवेरा, चकुंदर, आवला,पेठा इत्यादि शामिल है। इस अवसर पर बाबा वरयाम सिंह, अवतार सिंह, रघुवीर सिंह, लखविंदर सिंह, चतर सिंह, खजान सिंह, निरंजन सिंह, जसबीर जस्सी, त्रिलोक सिंह सहित अनेक सेवादार मौजूद थे।



## पिहोवा प्रेस क्लब के निर्विरोध प्रधान बने संजीव बंसल, अभिषेक पूर्णिमा बने सचिव

पिहोवा। पत्रकारिता जगत में आज एक ऐतिहासिक दिन रहा, जब पिहोवा प्रेस क्लब की विशेष बैठक के दौरान सर्वसम्मति से वरिष्ठ पत्रकार संजीव बंसल को क्लब का प्रधान चुना गया। बैठक में प्रेस क्लब से जुड़े सभी सदस्यों ने एकमत से उनका समर्थन करते हुए उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी। प्रेस क्लब के संरक्षक अनिल बागड़ी और नरेश वधवा ने इस मौके पर जानकारी देते हुए बताया कि रविवार रात को होटल जायका में आयोजित बैठक में आगामी एक वर्ष के कार्यकाल के लिए क्लब की कार्यकारिणी का गठन किया गया है। जिसमें संजीव बंसल को प्रधान, सतनारायण गुप्ता को उपप्रधान, अभिषेक पूर्णिमा को सचिव तथा रमेश गर्ग को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। नवनियुक्त प्रधान संजीव बंसल ने इस अवसर पर कहा कि पत्रकारिता केवल खबरों तक सीमित नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम है और क्लब इस दिशा में प्रभावी भूमिका निभाएगा। मेरा प्रयास रहेगा कि क्लब के सभी सदस्यों को साथ लेकर चलूं और पत्रकारों की समस्याओं के समाधान के लिए हर संभव कदम उठाऊं। प्रेस क्लब को सामाजिक, सांस्कृतिक व जनहित से जुड़े कार्यों में अग्रणी बनाना हमारी प्राथमिकता रहेगी। इस विशेष अवसर पर प्रेस क्लब के कई वरिष्ठ व सक्रिय सदस्य भी मौजूद रहे। जिनमें नरेश वधवा, अनिल बागड़ी, जसपाल गिल, किशोर शर्मा, संजय वर्मा,देव पूर्णिमा, रामपाल मालिक, राजेश वर्मा व प्रवीन शर्मा प्रमुख रूप से शामिल थे।

## ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवता शिवजी के अंग : अनिल शास्त्री



कुरुक्षेत्र। श्रावण मास के पावन अवसर पर सेक्टर-7 स्थित श्रीशिव शक्ति मंदिर में श्रीगो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति के संस्थापक अध्यक्ष कथावाचक अनिल शास्त्री ने उपस्थित श्रोताओं को बताया कि ऋषि बोले- हे सूत जी! अब आप हमसे भगवान शिव व पार्वती के परम उत्तम व दिव्य स्वरूप का वर्णन कीजिए। सृष्टि की रचना से पूर्व, सृष्टि के मध्यकाल व अंतकाल में महेश्वर किस प्रकार व किस रूप में स्थित होते हैं? सभी लोकों का कल्याण करने वाले भगवान शिव कैसे प्रसन्न होते हैं? तथा प्रसन्न होने पर अपने भक्तों को कौन-कौन से उत्तम फल देते हैं? हमने सुना है कि भगवान शिव महान दयालु हैं। अपने भक्तों को कष्ट में नहीं देख सकते। ब्रह्मा, विष्णु और महेश तीनों देवता शिवजी के अंग से ही उत्पन्न हुए हैं। हम पर कृपा कर शिवजी के प्राकट्य, देवी उमा की उत्पत्ति, शिव-उमा विवाह, गृहस्थ धर्म एवं शिवजी के अनंत चरित्रों को सुनाइए। कथावाचक अनिल शास्त्री ने बताया की सूत जी बोले- हे ऋषियो! आप लोगों के प्रश्न पतित पावनी श्री गंगाजी के समान हैं। ये सुनने वालों, कहने वालों और पूछने वालों इन तीनों को पवित्र करने वाले हैं। इस अवसर परयजमान विनोद सिंगला, मोहन लाल अरोड़ा पार्षद, मेन पाल चौहान, विनोद गुप्ता, महेंद्र सिंगला, लाजपत सिंगला, अश्विनी सिंगला आदि मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल ने नलवी में लगाया चिकित्सा शिविर

# मस्तिष्क को रखें सजग, जीवन को बनाएं स्वस्थ : डॉ. जैन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कुरुक्षेत्र


कुरुक्षेत्र। शिविर में मौजूद चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

डी.आर. जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा ग्राम नलवी में संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास मंदिर एवं धर्मशाला में निःशुल्क सामान्य चिकित्सा एवं परामर्श शिविर लगाया गया। अस्पताल के निदेशक एवं प्रख्यात ब्रेन व स्पाइन न्यूरो सर्जन डॉ. हिमांशु जैन ने मस्तिष्क स्वास्थ्य के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मानव मस्तिष्क जन्म से लेकर अंतिम क्षण तक निरंतर सक्रिय रहता है। ऐसे में यह अत्यंत आवश्यक है कि हम अपनी दिनचर्या में ऐसे उपाय शामिल करें, जो मानसिक दबाव को कम करने में सहायक हों। उन्होंने आगाह किया कि अनियंत्रित तनाव, चिंता और अवसाद जैसी स्थितियां मस्तिष्क को गंभीर रूप से प्रभावित कर सकती हैं। डॉ. जैन ने प्रतिदिन ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि ध्यान न केवल मस्तिष्क की कार्य क्षमता को बढ़ाता है, बल्कि मानसिक स्पष्टता और एकाग्रता में भी सुधार लाता है। इसके साथ ही, नियमित व्यायाम जैसे पैदल चलना, तैराकी, टेनिस या अन्य एरोबिक गतिविधियां, हृदय गति को बढ़ा कर मस्तिष्क को अधिक ऑक्सीजन प्रदान करती हैं, जिससे मस्तिष्क की कोशिकाएं स्वस्थ वातावरण में पनपती हैं। उन्होंने नींद के महत्व पर भी बल देते हुए कहा कि नियमित नींद चक्र, विशेष रूप से सूर्योदय से पहले उठने की आदत, मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है और स्मरण शक्ति को सशक्त करती है। संतुलित आहार के विषय में डॉ. जैन ने कहा कि हरी सब्जियां, मौसमी फल, सूखे मेवे, दूध, विटामिन-सी, डी, आयरन और ओमेगा-3 से भरपूर आहार मस्तिष्क के लिए अत्यंत लाभकारी होता है। उन्होंने धूम्रपान और शराब जैसे हानिकारक पदार्थों से दूरी बनाने की भी अपील की। स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञा डॉ. रूचि जैन, डॉ. संजय शर्मा एवं डॉ. सुनीता ने भी रोगियों की जांच एवं परामर्श में योगदान दिया।

### 162 रोगियों की जांच की

*आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. संजय शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित इस 2017वें चिकित्सा शिविर में 162 रोगियों की जांच की गई। उन्हें निःशुल्क परामर्श, ब्लड शुगर, पल्स रेट, हीमोग्लोबिन जांच तथा आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराई गईं। शिविर में मुख्यातिथि वरिष्ठ भाजपा नेता सुभाष कलसाना व विशिष्ट अतिथि जिला परिषद एवं ग्रीवेंस कमेटी सदस्य रमेश कुमार ने डॉ. हिमांशु जैन, डॉ. रूचि जैन, डॉ. संजय शर्मा एवं डॉ. सुनीता का अभिनन्दन करते हुए कहा कि ह्रडी.आर.जैन न्यूरोकेयर एंड मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल कुरुक्षेत्र द्वारा जनकल्याण हेतु आयोजित यह निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर सराहनीय है। ऐसी सेवाएं समाज को जागरूक और स्वस्थ बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होती हैं। अन्य सामाजिक संस्थाओं को भी इस प्रकार के जनहितकारी कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। शिविर में सरपंच अमरदीप सिंह, मीना कुमारी, मोनिका कोऑर्डिनेटर जी.एन.एम., अंजू जी.एन.एम., तमन्ना, प्रवीण, अजय, कुलदीप, अश्वनी कुमार महामंत्री मण्डल नलवी, एडवोकेट बलकार सिंह, पोली राम, सचिन शर्मा, शिव नारायण, जसविंदर सिंह, संतोष का विशेष योगदान रहा।*

# 35 साल बाद भी नहीं बदली व्यवस्था, बदहाली पर आंसू बहा रहा बस स्टैंड, कोई भी नहीं ले रहा सुध

## लोगों को खाने पड़ रहे हैं धक्के, कोरोना काल के बाद से बंद हुई ट्रेनों की वजह से बसों पर पड़ा भार, फिर भी नहीं जागी सरकार

रहमदीन ▶▶| बराड़ा

जिले का प्रमुख कस्बा अब भी बेहतर परिवहन सुविधाओं से वंचित है। बस स्टैंड बनने के 35 साल बाद भी यहां न तो पर्याप्त बसें हैं। न ही इसे सब डिपो का दर्जा मिला है।

जबकि अब कस्बे को सब डिविजन का दर्जा भी मिल चुका है। सब डिपो न बनाए जाने का नतीजा यह है कि रोज़ाना अंबाला, यमुनानगर, कुरुक्षेत्र, शाहाबाद, पंचकूला और अन्य शहरों को जाने वाले हज़ारों यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

बस स्टैंड को सब डिपो बनाए जाने की मांग अब फिर तेज़ हो गई है। लोगों का कहना है कि बस स्टैंड को जल्द सब डिपो का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।



बराड़ा। बराड़ा के बसस्टेंड का बाहरी दृश्य।

- लोगों का कहना है कि बस स्टैंड को जल्द सब डिपो का दर्जा दिया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

### 1990 में हुआ था उद्घाटन

बस स्टैंड का उद्घाटन 23 अगस्त 1990 को तत्कालीन राज्य परिवहन मंत्री वेद सिंह मलिक ने किया था। इतने सालों बाद भी यहां से लगभग वही बसें ही चल रही हैं जोकि कई सालों पहले चल रही थीं।

ऐसे में लोगों को पहले अंबाला या यमुनानगर जाकर अन्य जगहों की बसें पकड़ने को मजबूर होना पड़ रहा है। बराड़ा से शाहाबाद की बस सेवा भी हर एक घंटे के अंतराल के बाद है जिससे लोग परेशान है। क्योंकि ये बसें बाहर बस स्टैंड से होकर अधोया, उगाला होकर जाती हैं। ऐसे में बाजार वाली सवारी को इन बसों की सुविधा लेने के लिए दूर आना पड़ता है। लोगों ने मांग की है कि कुछ बसों का रूट बाजार से होकर भी होना चाहिए क्योंकि काफी सवारी बाजार की होती है।

### कोरोना ने बढ़ाई थी परेशानी

कोविड-19 महामारी के दौरान जब ट्रेनें बंद कर दी गई थीं तो आमजन की उम्मीदें रोडवेज़ से जुड़ी थीं।

लेकिन सीधी बसें न चलने के कारण यह उम्मीद भी टूट गई। ग्रामीण क्षेत्रों से बराड़ा आने वाले और यहां से अंबाला व यमुनानगर जाने वाले लोगों को रोजाना घंटेभर तक बस का इंतज़ार करना पड़ता है।

वहीं यहां से जगाधरी या सहारनपुर, चंडीगढ़ और पंचकूला की सीधी बस सर्विस न होने के कारण भी लोगों को अन्य विकल्पों की तलाश करने को मजबूर होना पड़ता है। कॉलेज स्टूडेंट साक्षी शर्मा और मनप्रीत कौर बताती हैं कि उन्हें रोज़ाना अंबाला कॉलेज जाना होता है लेकिन कॉलेज समय के भीतर अंबाला तक जाने व आने की सीधी बसें न होने के कारण उन्हें कई बार 30–40 मिनट तक इंतज़ार करना पड़ता है।

गर्मियों और बारिश में स्थिति और भी कठिन हो जाती है। यही हाल नौकरीपेशा लोगों और बुज़ुर्गों का है जिन्हें समय पर अपने कार्यस्थल या गंतव्य पर पहुंचने में दिक्कत होती है।

### फिर भी उपेक्षा का है शिकार

कस्बा केवल ज़िले का प्रमुख व्यापारिक और शैक्षिक केंद्र है बल्कि इसके चारों ओर दर्जनों गांव बसे हुए हैं। यहां पर निजी स्कूल, कॉलेज, अस्पताल, बैंक और बाज़ार हैं जहां दूर-दराज़ से लोग रोज़ आते हैं। इसके बावजूद अब तक यहां न तो बस सेवाओं का विस्तार किया गया है और न ही सब डिपो की घोषणा की गई है। समाज सेवी अमरिंदर सिंह कहते हैं कि पिछले कई सालों से नेता चुनावों में बस स्टैंड को सब डिपो बनाए जाने के के वादे करते आए हैं लेकिन जीतने के बाद कोई भी इस ओर ध्यान नहीं देता। प्रशासनिक अनदेखी और राजनीतिक उपेक्षा ने जनता का भरोसा तोड़ दिया है।बस स्टैंड को सब डिपो बनाए जाने की लिखित में मांग भाजपा सरकार में पूर्व परिवहन मंत्री रह चुके मूलचंद शर्मा तक भी पहुंच चुकी थी। इस मामले में कुछ नहीं हुआ। इसके कॉंग्रेस विधायक रहे वरुण चौधरी ने इस मामले को उठाया था लेकिन तब भी केवल सरकार ने बस स्टैंड भवन की मरम्मत कर खानापूर्ति कर दी।

### मरम्मत के नाम पर किया दिखावा

*बस स्टैंड को सब डिपो का दर्जा जाना चाहिए क्योंकि यह जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर पड़ता है। मैंने स्वयं विधायक रहते हुए यह मांग उठाई थी लेकिन सरकार ने केवल दिखावट के लिए मरम्मत का काम भर कर दिया। जब तक इसे सब डिपो नहीं बनाया जाएगा तब तक क्षेत्रवासियों की समस्याएं समाप्त नहीं होंगी।*

*-वरूण चौधरी, सांसद, अंबाला*




नारायणगढ़। मंदिर में दर्शन करने जाते योग संस्थान के सदस्य।

# योग साधकों ने पौड़ीवाला स्थित शिविर मंदिर में की पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारतीय योग संस्थान के योग साधकों ने हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले में स्थित प्राचीन शिव मंदिर पौड़ी वाला के दर्शन किए। यह मंदिर स्वर्ग की दूसरी सीढ़ी के नाम से भी प्रसिद्ध है और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह स्थल पौराणिक कथा से जुड़ा हुआ है जिसमें रावण ने भगवान शिव को प्रसन्न करने हेतु तपस्या कर अमरत्व का वरदान प्राप्त करने की चेष्टा की थी।

संस्थान के जोन प्रधान संजय धीमान ने बताया कि यह पावन स्थल नाहन से मात्र 7.6 किलोमीटर की दूरी पर कालाअंब रोड पर स्थित है। पुरानी मान्यता के अनुसार रावण द्वारा बनाई गई पहली सीढ़ी हरिद्वार में हर की पौड़ी पर स्थित है। दूसरी सीढ़ी यहीं पौड़ी वाला में बनाई गई थी। इसी कारण इसे स्वर्ग की दूसरी सीढ़ी के नाम से जाना जाता है।

सभी योग साधकों ने श्रद्धा के साथ मंदिर में भगवान शिव का जलाभिषेक किया। योग साधक पंडित रमाशंकर ने मंत्रोच्चारण के साथ विधिपूर्वक अभिषेक संपन्न कराया। इस अवसर पर सभी साधकों ने मंदिर परिसर के प्राकृतिक सौंदर्य और शांत वातावरण का आनंद लिया। सह केंद्र प्रमुख कनिका अग्रवाल ने कहा कि भारतीय योग संस्थान समय-समय पर ऐसे प्राचीन, ऐतिहासिक और धार्मिक स्थलों की यात्राएं आयोजित करता रहता है। इसमें योग साधकों में आपसी भाईचारा बढ़े और भारतीय संस्कृति एवं इतिहास के बारे में जानकारी प्राप्त हो। यह यात्रा सभी योग साधकों के लिए आध्यात्मिक ऊर्जा और सांस्कृतिक चेतना से परिपूर्ण रही।

## खबर संक्षेप

### मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खुला

**अंबाला।** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग उपनिदेशक जसविंद्र सैनी ने बताया कि सरकार द्वारा वर्तमान सीजन खरीफ 2025 फसल पंजीकरण हेतू मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल खोल दिया है । सभी किसान अपनी फसलों का मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर आवश्यक पंजीकरण करवाए ताकि किसानों को मंडियों में फसल बेचते समय किसी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े।

### किसान करवाएं पंजीकरण

**अंबाला।** कृषि विज्ञान केंद्र तेपला में केंचुआ खाद उत्पादन पर 4 अगस्त तक प्रशिक्षण का आयोजन किया जाएगा। केंचुआ खाद तैयार करने के लिए स्टेप वाइज जानकारी दी जाएगी एवं भंडारण प्रबंधन एवं विपणन के बारे में बताया जाएगा। इच्छुक किसान पहले आओ पहले पाओ आधार पर पंजीकरण करवा सकते हैं। पंजीकरण हेतू आधार कार्ड की प्रति, 2 फोटो एवं पिछला कक्षा का प्रमाण पत्र अवश्य लाएं। पंजीकरण पूर्णतः निशुल्क होगा।

### आवेदन के लिए अंतिम तिथि 31

**अंबाला।** जिला बाल संरक्षण अधिकारी मनीषा गागट ने बताया कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए अब आवेदन आमंत्रित किए हैं। इसकी अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 है। उन्होंने बताया कि इच्छुक एवं पात्र प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2025 के लिए आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से कर सकते हैं।

# भाविप ने देहदान का संकल्प लेने वाले परिवार को किया गया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

भारत विकास परिषद के प्रयासों से देहदान का अत्यंत सराहनीय एवं अनुकरणीय उदाहरण स्थापित करने वाले गांव खानपुर लुबाना के राजेश भसीन एवं उनकी माता कमलेश रानी , पत्नी पिंकी बाला एवं उनके सुपुत्र प्रदीप कुमार को पदाधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। उनके इस निर्णय पर उनके प्रति कृतज्ञता प्रकट की गई।

इस अवसर पर परिषद पदाधिकारियों द्वारा समाज को देहदान एवं नेत्र दान के लिए प्रेरित करने का संकल्प भी लिया गया । देहदानियों एवं परिषद पदाधिकारियों द्वारा इस अवसर पर समाज से देहदान एवं नेत्र दान के लिए आह्वान किया गया ताकि जरूरतमंदों को अंग एवं मेडिकल कॉलेजों में पढ़ने वाले भावी डॉक्टर्स को उनकी पढ़ाई में मदद मिल सके । इस अवसर पर परिषद अध्यक्ष डॉक्टर रोहित सैनी , महासचिव सुरेश गोयल , कोषाध्यक्ष भूपिंदर अग्रवाल , सहसचिव डॉक्टर अनिरुद्ध भूषण , संस्कार संयोजक जय प्रकाश गर्ग , पर्यावरण संयोजक राजीव मेहता , पूर्व उपाध्यक्ष रविन्द्र जोशी एवं विजय सैनी उपस्थित थे ।



नारायणगढ़। देहदान का संकल्प लेने वाले परिवार को सम्मानित करते सदस्य।

# शिविर में 45 लोगों ने किया रक्तदान

- कई ने जीवनभर सेवा करने का लिया संकल्प
- शहीद-ए-आज़म भगत सिंह सेवा ट्रस्ट की ओर से बब्याल में आयोजित किया शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रविवार को शहीद-ए-आज़म भगत सिंह सेवा ट्रस्ट ने गांव बब्याल में 17 वें रक्त दान शिविर का आयोजन किया। इसमें लगभग 40-45 यूनिट गवर्नमेंट सिविल अस्पताल की टीम द्वारा एकत्र की गईं। इसमें अंबाला शहर के सेक्टर एक की डॉ. प्राची गुप्ता ने निशुल्क डेंटल चेकअप की सेवाएं दी। जबकि फ्री में आंखों की जांच माधव नेत्र बैंक द्वारा करवाई गई। इसमें कुछ बच्चों का फ्री आंखों का निशुल्क ऑपरेशन भी करने के लिए चुना गया। इस दौरान फ्री चश्में और दवाइया भी दी गई । शिविर में चीफ गेस्ट के तौर पर भाजपा नेता राम बाबू यादव और नप सदस्य संदीप शर्मा उपस्थित रहे । ट्रस्ट ने अनुभवी डॉक्टरों की मदद ली है जिन्होंने पूरी प्रक्रिया के माध्यम से रक्त दाताओं को शांति से निर्देशित किया। कई दाताओं ने प्रतिज्ञा की कि वे अब से नियमित रूप से रक्त दान करेंगे। कुल मिलाकर रक्त दान शिविर एक बड़ी सफलता थी। अंत में ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेश कुमार ने सभी रक्तदाताओं, डॉक्टरों और ट्रस्ट सदस्यों को उनके योगदान के लिए आभार जताया।



अंबाला। रक्तदाताओं को बैज लगाते मुख्यअतिथि।

# दो चुटकी राख या दो नेत्रहीनों को आंख : पवन सचदेवा

- पवन सचदेवा की सूचना पर माधव नेत्र बैंक करनाल की टीम शाहाबाद पहुंची और दिवंगत के नेत्र सुरक्षित किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

जीते-जीते रक्त दान, जाते जाते नेत्रदान चलाए अभियान के अंतर्गत चम्पा वधावन की आंखें माधव नेत्र बैंक करनाल द्वारा सुरक्षित कर ली गई। शाहाबाद निवासी दिवंगत चम्पा वधावन के पुत्र वरिन्द्र वधावन व अश्वनी वधावन ने पवन सचदेवा को सूचित किया। पवन सचदेवा की सूचना पर माधव नेत्र बैंक करनाल की टीम शाहाबाद पहुंची और दिवंगत के नेत्र सुरक्षित किए। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय पंजाबी सभा शाहाबाद के प्रधान व कैमिस्ट एवं ड्रगिस्ट एसोसिएशन के चेयरमैन पवन सचदेवा पिछले 17 वर्षो से लगातार शाहाबाद में अभियान चला कर आमजन को जीते-जीते रक्तदान, जाते जाते नेत्रदान व शरीर दान के लिए प्रेरित कर रहे हैं। उनके प्रयासों से शाहाबाद जैसे छोटे शहर से अब तक 544 महानुभावों के मरणोपरांत नेत्र दान हो चुके है।

# विशेष चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट को मंजूरी बेसहारा दिव्यांग बच्चों को मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति के सहयोग से बेसहारा दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूट (एससीसीआई) को मंजूरी मिल गई है। संस्थान में बेसहारा हुए दिव्यांग बच्चों को रहने खाने और पढ़ने की व्यवस्था रहेगी। जिसके लिए संस्थान को ही शुरू में खर्च उठाना होगा। हालांकि विभाग द्वारा सामाजिक संस्थाओं के जरिये संस्थान को आर्थिक मदद व अन्य संसाधनों को जुटाने के लिए मदद दिलवाई जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद अब जल्द ही बच्चों को भेजना शुरू कर दिया गया है। फिलहाल संस्थान में एक ही बच्चा मिला है। बाल कल्याण समिति को दिव्यांग बच्चे मिलते हैं। जिन्हें आश्रम में ही निवास दिया जाता है। मगर इन आश्रमों में रहने की व्यवस्था तो रहती है मगर बच्चों को पढ़ने के लिए कोई सुविधा नहीं मिलती। इसलिए यह कदम उठाया गया है। इसके लिए विभाग के पास विशेष एजुकेटर भी हैं। जो बच्चों को पढ़ाने का कार्य करेंगे।



जिला बाल कल्याण समिति की चेयरपर्सन रंजीता सचदेवा ने बताया कि तीन वर्षों तक निजी संस्थानों को अपने स्तर पर ही यह इंस्टीट्यूट चलाना होगा। इसके बाद विभाग की ओर से प्रमाणित होने के बाद ग्रांट दी जाएगी। इस समय अवधी के दौरान विभाग की टीमें समय- समय पर व्यवस्थाओं का जायजा भी लेंगी। इसी आधार पर प्रमाणित होने के नंबर दिए जांएगे।

# रेलवे रोड के किनारे कई दिन से खुला छोड़ा गड्ढा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

कलायत में जन स्वास्थ्य विभाग द्वारा रेलवे रोड के किनारे कई दिन से खुला छोड़ा गया गड्ढा सरेआम हादसे को निमंत्रण दे रहा है। आसपास के दुकानदारों और आम लोगों के लिए परेशानी बनी समस्या के निवारण के लिए कई बार अधिकारियों से फरियाद लगा चुके हैं। समस्या जस की तस है। राजू, विनोद कुमार, रमेश, होशियार सिंह, सुनील कुमार व अन्य ने बताया कि एक सप्ताह पहले जन स्वास्थ्य विभाग ने पेयजल सप्लाई मैनहालों में खराब वाल को ठीक करने के नाम पर गड्ढे खोद थे। दोबारा से इनकी सुध नहीं ली। ऐसे में सडक़ किनारे कई फीट गहरे तीन गड्ढे हर किसी के लिए परेशानी बने हैं। हालांकि दो गड्ढों की तो रिपेयर कर दी गई। एक गड्ढा अभी भी खुला है। इसका मरम्मत कार्य नहीं किया गया है। इस खुले गड्ढों के कारण रेलवे रोड से गुजरने वाले वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोगों ने जन स्वास्थ्य विभाग अधिकारियों से तत्काल गड्ढे की मरम्मत कराने की मांग की है जन स्वास्थ्य विभाग एसडीओ नरेश जागलान ने बताया कि सडक़ किनारे बनाई गई वाटर सप्लाई के होद में मौजूद वाल खराब होने के कारणगंदा पानी मिक्स होकर पेयजल सप्लाई पाइप आ रहा हे।

# मुथूट माइक्रोफिन के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पर 28,640 रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

- पुलिस ने शाखा प्रबंधक के खिलाफ केस दर्ज कर शुरू की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक पर कंपनी और ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी कर 28,640 की रकम गबन करने का आरोप लगा है। पुलिस ने इस मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।शिकायत मुथूट माइक्रोफिन लिमिटेड के डिविजनल मैनेजर रजनेश कुमार द्वारा की गई है। उन्होंने वरिष्ठ शाखा प्रबंधक राहुल कुमार के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। रजनेश के अनुसार राहुल कुमार ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए 10 अलग-अलग ग्राहकों से मासिक किस्तों की वसूली की लेकिन वह रकम कंपनी के बैंक खाते में जमा नहीं की गई।शिकायत में उल्लेख किया गया है कि कुल 28,640 की राशि गबन की गई। साथ ही राहुल कुमार ने भारतीय रिजर्व बैंक के निर्देशानुसार ग्राहकों को दिए जाने वाले लोन कार्ड और स्क्रॉल शीट भी जानबूझकर गायब कर दिए। इससे कंपनी की साख को ठेस पहुंची और ग्राहकों के सिबिल स्कोर पर भी नकारात्मक असर पड़ा। कंपनी की आंतरिक जांच में इस धोखाधड़ी का खुलासा हुआ जिसके बाद पुलिस को इसकी लिखित शिकायत दी गई थी। आर्थिक अपराध शाखा द्वारा की गई जांच के आधार पर मामला दर्ज किया है। अब पुलिस जल्द ही आरोपी को काबू करने की बात कह रही है।

## आश्रम के सभी खराब एसी करवाए गए ठीक, मेमोग्राफी टेस्ट कैंप का होगा आयोजन

# रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने 20 बुजुर्गों को दिया लंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

रोटरी क्लब अंबाला डायमंड ने प्रधान राजीव मल्होत्रा की अध्यक्षता मे अंबाला कैंट के वृद्ध आश्रम मे बुजुर्गों को खाना खिलाया गया।

इस प्रोजेक्ट के चेयरमैन कंवलदीप सिंह ने बताया कि क्लब ने वृद्ध आश्रम के सभी 20 लोगों को दोपहर का भोजन कराया। साथ ही उन्हें फल वितरित किए। सभी को घेवर खिलाकर सावन के आगमन का स्वागत किया। क्लब ने वृद्ध आश्रम मे सभी ख़राब एयर कंडीशनर्स को भी ठीक कराने के लिये सहयोग दिया। क्लब के सचिव राजन गुप्ता ने बताया कि रोटरी द्वारा चिकित्सा और शिक्षा के क्षेत्र में समाजसेवा से जुड़े बहुत से कार्य किए जाते हैं। इस कड़ी में क्लब द्वारा ग डॉ. आदित्य और डॉ. सुमन के साथ मिलकर मेमोग्राफी टेस्ट कैंप का आयोजन फारुखा खालसा स्कूल में किया जाएगा। साथ ही क्लब की ओर से बच्चों के लिए मुफ्त दांत चेकअप कैंप का आयोजन भी किया जाएगा। ।

क्लब के कैशियर डॉ. अश्वनी भारद्वाज ने बताया कि क्लब ने सरकारी स्कूल बलाना को रोटरी के हैप्पी स्कूल प्रोजेक्ट के लिए चिन्हित किया हैद्ध। इसमें विभिन्न सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएंगी। साथ ही क्लब स्कूल को चार सोलर लाइट भी उपलब्ध कराएगा ताकि रात मे भी स्कूल रोशनी से जगमगाता रहे। रोटरी ने 100 जरूरतमंद बच्चों को स्कूल बस्ते भी उपलब्ध कराए हैं जिसके प्रोजेक्ट चेयरमैन अमित गोयल रहे। क्लब के डायरेक्टर अभिनव सिंगला ने उपस्थित सदस्यों विकास शर्मा, सचिन गोयल, महेश मित्तल, राकेश भंडारी विशाल गुप्ता का इस प्रोजेक्ट मे शामिल होकर सेवा मे भाग लेने के लिए आभार जताया।



अंबाला। वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को खाना परोसते हुए क्लब पदाधिकारी।